आज़ादी का अमृत महोत्सव

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

मुख्य भवन ब्लॉक–5 एवं 06

डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर

फोन –0141–2706069

rajssaquality@gmail.com

क्रमांक–रा.स्कूल.शि.प / जय / गुणवत्ता / समृद्धि / 2024–25 / 12455834 दिनांक 16/12/2024

## समृद्धि 2024–25 हेतु दिशा–निर्देश

सत्र 2024–25 में कला उत्सव के अन्तर्गत कला समेकित शिक्षणशास्त्र की प्रक्रियाओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के एक अलग वर्ग– समृद्धि के रूप में जोड़ा गया है, जिसका उद्देश्य माध्यमिक स्तर से कला समेकित शिक्षणशास्त्र को प्रोत्साहित करना और लोकप्रिय बनाना है। यह कार्यक्रम पूरे देश के शिक्षकों द्वारा कला समेकित शिक्षणशास्त्र की प्रक्रियाओं को प्रदर्शित करने का एक मंच है। समृद्धि की प्रतियोगिताऐं जिला स्तर से राज्य स्तर पर आयोजित की जाएगी और वहां से सर्वोत्तम प्रविष्टि राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता करेगी।

### कला समेकित शिक्षणशास्त्र की प्रमुख विशेषताऐं–

- आलोचनात्मक चिंतन और 21वीं सदी के कौशलों का एकीकरण।
- विद्यार्थियों के लिए आनन्दपूर्ण अधिगम का विकास।
- "परिणाम" की अपेक्षा कला शिक्षा की "प्रक्रिया" पर विशेष बल।
- ऐसी गतिविधियों का समायोजन जो स्थानीय संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा दें।

### जिला स्तरीय समृद्धि में भाग लेने के लिए निम्न निर्देशों की पालना की जाए–

- प्रत्येक जिले से राज्य स्तर पर केवल एक प्रविष्टि ही मान्य होगी।
- प्रविष्टि के लिए दो शिक्षकों की एक टीम बनाई जा सकती है जिसमें मुख्य प्रविष्टि माध्यमिक कक्षाओं (9–12) में कला के अतिरिक्त कोई विषय पढ़ाने वाले विषय शिक्षक की होगी और दूसरा शिक्षक (वैकल्पिक) उस विद्यालय का नियमित दृश्य कला / संगीत / नृत्य / नाट्य शिक्षक हो सकता है जो इस कार्यक्रम में भाग लेगा।
- शिक्षकों को एक परियोजना प्रस्ताव रास्कूलशिप जयपुर के गुणवत्ता प्रकोष्ठ को पहले ही प्रेषित करना होगा जो कक्षा 9–12 के किसी भी विषय क्षेत्र (विज्ञान, मानविकी, भाषा, गणित आदि) पर आधारित होगा और जिसे किसी प्रकार की कलात्मक अभिव्यक्ति के साथ मिलाया गया हो।
- परियोजना प्रस्ताव उनकी कला गतिविधि पर आधारित होगा जिसे सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित कर प्रेषित किया जायेगा।
- प्रस्तुति के लिए किसी भी कला रूप (दृश्य कला / संगीत / नृत्य / नाट्य) को एकीकृत किया जा सकता है। साथ ही आईसीटी के प्रयोग भी अनुमति होगी।
- प्रस्तुति का 500 शब्दों (फॉन्ट– कोकिला, फॉन्ट आकार – 16) से अधिक नहीं होना चाहिए। इस प्रस्ताव में प्रस्तुति की प्रक्रिया और महत्वपूर्ण विशेषताओं का स्पष्ट उल्लेख करते हुए कला गतिविधि के चित्रों (जेपीजी प्रारूप) या वीडियो (एमपी 4 प्रारूप) के लिंक भी संलग्न किये जाए।

RajKaj Ref
12455834

Signature valid

Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Designation : State Project Director
Date: 2024.12.16 17:13:53 IST
Reason: Approved

- परियोजना प्रस्ताव और उसका प्रस्तुतीकरण हिन्दी अथवा अंग्रेजी में किया जाएगा। सभी शिक्षण–अधिगम सामग्री (टीएलएम) जो उपयोग की जाएगी उसे योजना/प्रस्ताव में उल्लेखित किया जाए।
- विद्यार्थियों की सहभागिता को भी स्पष्ट रूप से वर्णित किया जाए।
- प्रस्तुती के लिए आवंटित समय 20 मिनट है और निर्णायक मण्डल के साथ बातचीत के लिए 5 मिनट दिये जायेंगे। (कुल 25 मिनट)
- प्रतिभागी शिक्षकों को न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है।

**समय सारणी–**

- जिला स्तर पर समृद्धि का आयोजन दिनांक 01–10 जनवरी 2025 तक एक दिवसीय किया जाना है।
- जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता प्रतिभागियों का विवरण दिनांक 15 जनवरी 2025 तक राज्य स्तर पर भिजवाया जायेगा।
- राज्य स्तर पर समृद्धि कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 16 से 21 जनवरी 2025 के मध्य किया जायेगा। आयोजन स्थान की सूचना पृथक से प्रेषित कर दी जायेगी।
- राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सूचना **परिशिष्ट–1 और 2** में भिजवाई जाये।

**वित्तीय प्रावधानः–**

- जिला स्तर पर होने वाले समृद्धि कार्यक्रम के आयोजन का व्यय वार्षिक कार्ययोजना सत्र 2024–25 में जिला स्तर पर अनुमोदित MMMER मद से किया जायेगा। उक्त गतिविधि हेतु 10,000/– रूपये का व्यय किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त राशि की आवश्यकता होने पर स्थानीय स्तर पर भामाशाहों से सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।
- जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता को प्रमाण–पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की जायेगी।
- वित्तीय प्रावधान का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र. | विवरण | राशि (रूपयों में) |
|---|---|---|
| 1 | बैठक व्यवस्था, टेण्ट सामग्री आदि | 1500 |
| 2 | मंच सजावट, माइक, वाद्य यन्त्र व्यवस्था | 2000 |
| 3 | अल्पाहार | 2000 |
| 4 | नगद पुरस्कार –<br>प्रथम स्थान – 1100 रूपये , द्वितीय स्थान – 700 रूपये, तृतीय स्थान – 500 रूपये | 2300 |
| 5 | मेडल/ट्रॉफी, प्रमाण–पत्र | 1100 |
| 6 | प्रचार – प्रसार, बैनर | 500 |
| 7 | कन्टिजेन्सी, फोटोग्राफी अभिलेख संधारण | 600 |
| | **कुल योग** | 10000 |

*अतिरिक्त राशि की आवश्यकता होने पर स्थानीय स्तर पर भामाशाहों का सहयोग लिया जावे। मदवार उपलब्ध कराई जा रही राशि में आवश्यकतानुसार आंशिक परिवर्तन किया जा सकता है।*

RajKaj Ref
12455834

Signature valid
Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Designation : State Project Director
Date: 2024.12.16 17:13:53 IST
Reason: Approved



Scanned with OKEN Scanner

समृद्धि हेतु राशि की स्वीकृति निम्न शर्तों के अधीन प्रदान की जाती है –

- कार्यक्रम अन्तर्गत व्यय राशि को PRABANDH PORTAL (https://samagrashiksha.in) पर तत्काल बुक कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- राशि का उपयोग योजना के दिशा निर्देश, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की गाइड लाइन एवं लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 एवं वित्तीय नियमों की पूर्ण पालना करते हुए विहित प्रक्रियानुसार किया जाना सुनिश्चित करे।

ewY;kadu ekinaM &

| सामग्री/विषय (5) कला और शिल्प के संदर्भ में योजना की उपयुक्तता (15) | शिक्षण शास्त्र की प्रासंगिकता (पर्यावरण/संस्कृति/स्थानीय कला और शिल्प से जुड़ाव) | विद्यार्थियों की कला अनुभव में सहभागिता | प्रक्रियाएँ | प्रस्तुति कौशल | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 100 |

**जिला स्तर पर निर्णायक मण्डल निम्नानुसार रहेगा**

1. जिला स्तर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा की अध्यक्षता में निर्णायक मण्डल का गठन होगा – जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा), प्रधानाचार्य डाइट एवं विषय विशेषज्ञों सहित कला/गतिविधि से सम्बन्धित विशेषज्ञों को शामिल किया जाये।

**राज्य स्तर पर निर्णायक मण्डल निम्नानुसार रहेगा :–**

| | |
|---|---|
| राज्य परियोजना निदेशक/प्रतिनिधि – समग्र शिक्षा | अध्यक्ष |
| संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, (आयोजक जिला से संबंधित संभाग) | सदस्य |
| प्रतिनिधि – निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर | सदस्य |
| प्रतिनिधि – आरएससीईआरटी, उदयपुर | सदस्य |
| विषय विशेषज्ञ | सदस्य |

(अविचल चतुर्वेदी)
राज्य परियोजना निदेशक एवं
आयुक्त

क्रमांक–रा.स्कूल.शि.प/जय/गुणवत्ता/समृद्धि/2024–25/12455834 दिनांक 16/12/2024

**प्रतिलिपि:– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –**

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
4. निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
5. निजी सचिव, निदेशक, संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान, शिक्षा संकुल, जयपुर।
6. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक, प्रथम/द्वितीय, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
7. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
8. अति. जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
9. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक।
10. प्रोग्रामर, रास्कूलशिप, जयपुर दिशा निर्देश को पोर्टल पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।
11. समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।
12. कार्यालय प्रति।

RajKaj Ref
12455834

Signature valid
Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Designation : State Project Director
Date: 2024.12.16 17:13:53 IST
Reason: Approved



Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट–1

# समृद्धि 2024 में शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाला प्रपत्र

जिला ..............................................

| विवरण | विषय शिक्षक | कला शिक्षक |
|---|---|---|
| नाम (बड़े अक्षरों में) | | |
| पासपोर्ट आकार का फोटो | | |
| जन्म तिथि | | |
| स्थायी पता | | |
| आधार नम्बर | | |
| ईमेल | | |
| मोबाइल नम्बर | | |
| पदनाम | | |
| पढाये जा रहे विषय और कक्षाऐं | | |
| विद्यालय का नाम और पता | | |
| विद्यालय का यू–डायस | | |
| नियुक्ति की तारीख | | |
| वर्तमान भूमिका में अनुभव | | |
| श्रेणी – (सामान्य/एससी/एसटी/ओबीसी/अन्य) | | |
| दिव्यांग (हाँ/नहीं) | | |
| **बैंक विवरण** | | |
| PAN नम्बर | | |
| बैंक का नाम | | |
| खाता नंबर | | |
| IFSC कोड | | |

RajKaj Ref
12455834

Signature valid

Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Designation : State Project Director
Date: 2024.12.16 17:13:53 IST
Reason: Approved



Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट–2

# स्मृद्धि हेतु अवधारणा नोट का प्रारूप

कृपया प्रस्तुति का प्रस्ताव लेख संलग्न करें, जिसमें प्रस्तुति की प्रक्रिया और महत्वपूर्ण विशेषताओं को स्पष्ट किया गया हो।
(फॉन्ट – कोकिला, फॉन्ट आकार – 16, शब्द सीमा – 500 अधिकतम)

## गतिविधि का विवरण

**प्रतियोगिंता में भाग लेने वाले शिक्षक निम्नलिखित प्रारूप में गतिविधि का विवरण भरें।**

| विवरण | विषय शिक्षक | कला शिक्षक |
|---|---|---|
| विषय | | |
| क्षेत्र / विषय | | |
| पाठ्यचर्या लक्ष्य | | |
| दक्षताओं का मानचित्र | | |
| सीखने के प्रतिफल | | |
| अवधारणा की समझ हेतु कलाओं के विभिनन घटकों का उपयोग | | |
| प्रक्रियाऐं एवं कार्य नीतियां (500 शब्दों में लेख एवं अधिकतम 5 स्पष्ट तस्वीरें संलग्न करें।) | | |
| प्रयुक्त संसाधन | | |
| आकलन | | |
| अनुवर्ती गतिविधि | | |
| समीक्षा | | |

1. प्रस्तुत की गई कला श्रेणी के विषय में हिन्दी अथवा अंग्रेजी में संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया जाये जो सौ शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।
2. कला श्रेणी के अनुसार प्रस्तुतियों की वीडियों फिल्म प्रस्तुत की जाये जो पांच मिनिट से अधिक की नहीं होनी चाहिए।

हस्ताक्षर
प्रमाणितकर्ता

RajKaj Ref
12455834

Signature valid
Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Designation : State Project Director
Date: 2024.12.16 17:13:53 IST
Reason: Approved



Scanned with OKEN Scanner